FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

पुलिस मुठभेड़ थाना नारखी दिनाँक 19-06-2025 जनपद फिरोजाबाद ।

थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा दिनाँक 17-06-2025 को गायब बच्ची की हत्या करने वाला मुख्य अभियुक्त कौशल पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल । 03 अन्य अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार ।

- अभियुक्त कौशल के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस एवं बच्ची की चैन बरामद ।
- घायल अभियुक्त को उपचार हेतु कराया गया भर्ती ।

दिनाँक 18-06-2025 को वादी द्वारा थाना नारखी द्वारा पर तहरीर दी गयी कि वादी की भाँजी उम्र करीब 08 वर्ष दिनाँक 17-06-2025 की शाम करीब 19.00 बजे से खेलते-खेलते कहीं गुम हो गयी है । थाना नाऱखी पुलिस टीम द्वारा तत्काल मु0अ0सं0 178/25 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था ।

उक्त प्रकरण में बच्ची की सकुशल बरामदगी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में थाना नाऱखी की 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था । पुलिस टीमों द्वारा गांव व आसपास के खेतों में लगातार तलाशी अभियान चलाया गया । बच्ची के परिजनों द्वारा पडोस में रहने वाले कौशल कुशवाहा पुत्र अर्जुन सिंह व कौशल के भाई 1.मनीष कुमार, पिता 2.अर्जुन सिंह एवं माता 3.सुमन देवी (काल्पनिक नाम) पर संदेह व्यक्त किया गया था, जिस पर पुलिस द्वारा अभियुक्त कौशल व अन्य तीनों अभियुक्त को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की गई । प्रारंभ में अभियुक्तों द्वारा पुलिस को गुमराह किया गया, किंतु सख्ती से पूछताछ के बाद, ईंटों से बनी एक कच्ची दीवार के पास से बच्ची का शव बरामद किया गया ।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त कौशल ने बताया गया कि बच्ची के गले में पहनी पीली धातु की चैन को अभियुक्तगण द्वारा बछगाँव से रजावली जाने वाले रोड पर पेट्रोल पम्प से आगे रोड के किनारे पर छुपाया गया है । अभियुक्त की निशानंदेही पर पुलिस टीम बच्ची की चैन की बरामदगी हेतु गयी थी छुपाए गये स्थान पर पहुँची, इसी दौरान अभियुक्त द्वारा चैन के साथ छुपाकर रखे गये अवैध असलहा से पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया गया । पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी कार्यवाही में अभियुक्त कौशल के पैर में गोली लगने से घायल हो गया है । अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध असलहा, 01 खोखा कारतूस एवं 01 जिंदा कारतूस व बच्ची की चैन बरामद हुए हैं । घायल अभियुक्त को उपचार हेतु पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण-

1.कौशल कुशवाह उम्र करीब 19 वर्ष पुत्र अर्जुन सिंह निवासी ग्राम बछगाँव थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
2. मनीष कुशवाह पुत्र अर्जुन सिंह निवासी ग्राम बछगाँव थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
3. अर्जुन सिंह करण सिंह निवासी ग्राम बछगाँव थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
4. सुमन देवी (काल्पनिक नाम) पत्नी अर्जुन सिंह निवासी ग्राम बछगाँव थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त कौशल कुशवाह-

1. मु0अ0सं0 178/25 धारा 137(2) बीएनएस0 व बढोत्तरी धारा 65(2), 66, 103(1), 238 बीएनएस0 व 5m/6 पॉक्सो एक्ट थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।

आपरधिक इतिहास अभियुक्तगण अर्जुन सिंह, मनीष व सुमन देवी (काल्पनिक नाम) –

1. मु0अ0सं0 178/25 धारा 238 बीएनएस0 थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण-

1. 01 अदद तमंचा 315 बोर।
2. 01 अदद खोखा कारतूस, 01 अदद जिन्दा कारतूस एवं बच्ची की पीली धातु की 01 चैन।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष राकेश कुमार गिरी थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 अभिषेक गुप्ता थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 विजय चौधरी थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 अमित कुमार थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
5. हे0कां0 153 सुधीर कुमार थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
6. का01096 विनीत गौतम थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।